प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में 'फुटप्रिन्टस 24' कार्यक्रम आयोजित

सेवायोजन एवं परामर्ष निदेशालय के तत्वाधान में इन्टरप्रिन्योरषिप डेवलपमेंट सेल के माध्यम से आयोजित 'फुटप्रिन्टस 24' कार्यक्रम में आज विभिन्न प्रतिभागियों ने अपने नवाचार विचारों को प्रस्तुत किया जिसकी समीक्षा पुरातन विद्यार्थियों जोकि उद्यमी भी हैं, के द्वारा की गयी। इस स्पर्धा में प्रतिभाग करने वाले विजेताओं को डा. एम.एस. नेगी निदेशक सेवायोजन एवं परामर्श द्वारा पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर डा. नेगी ने बताया कि फुटप्रिन्टस कार्यक्रम का उद्घाटन 4 मई को कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा किया गया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि इस प्रकार के नवाचार विचारों से विद्यार्थियों को स्टार्ट–अप के रूप में स्थापित होने की प्रेरणा मिलेगी और साथ ही पुरातन विद्यार्थियों द्वारा आर्थिक एवं तकनीकी रूप से सहयोग भी किया जाना अपेक्षित है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से आपस में विचार–विमर्ष कर स्टार्ट–अप स्थापित करने सम्बन्धी क्रिया–कलापों में पुरातन विद्यार्थियों का सहयोग मिलता रहेगा।

इस अवसर पर देहरादून एवं दिल्ली से नव उद्यमियों द्वारा अपने स्टाल पर विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। विश्वविद्यालय के पुरातन विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के वर्तमान विद्यार्थियों को इन्टर्नशिप प्रदान करने हेतु आशान्वित किया। इस अवसर पर चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया जिसमें विजेता विद्यार्थियों को डा. एम.एस. नेगी निदेशक सेवायोजन एवं परामर्श द्वारा पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ अतिथिगण।

निदेशक संचार